# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR

राजभाषा प्रकोष्ठ ( Hindi Cell )

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026 की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त

**दिनांक 08/04/2026, प्रात: 11:30 बजे** **स्थान- समिति कक्ष, निदेशक कार्यालय**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक समिति कक्ष, प्रथम तल, प्रभा भवन में दिनांक 08/04/2026 को प्रात: 11:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के माननीय निदेशक प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी द्वारा की गयी। बैठक में माननीय अध्यक्ष के साथ समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी, निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. रोहित भाकर, कुलसचिव | सदस्य सचिव |
| 3. | प्रो. राज कुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 4. | डॉ. ऋषि तिवारी, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं सह समन्वयक राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 5. | श्री कुशाग्र चतुर्वेदी, राजभाषा अधिकारी, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 6. | प्रो. लव भार्गव, अधिष्ठाता शोध एवं परामर्श | सदस्य |
| 7. | प्रो. रोहित गोयल, अधिष्ठाता, नियोजन एवं विकास | सदस्य |
| 8. | प्रो. अमर पटनायक, अधिष्ठाता, संकाय कल्याण | सदस्य |
| 9. | प्रो. विनीत साहुला, अधिष्ठाता, डिजिटल अवसंरचना सेवायें | सदस्य |
| 10. | डॉ. राजीव कुमार दोहरे, विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग | सदस्य |
| 11. | प्रो. महेंद्र मोहन शर्मा, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग | सदस्य |
| 12. | प्रो. हरलाल सिंह माली, विभागाध्यक्ष, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग | सदस्य |
| 13. | प्रो. राजेन्द्र कुमार गोयल, विभागाध्यक्ष, धातुकी एवं पदार्थ अभियांत्रिकी विभाग | सदस्य |
| 14. | डॉ. संतोष चौधरी, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग | सदस्य |
| 15. | डॉ. दिवेश कुमार, विभागाध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 16. | प्रो. नुपुर टंडन, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 17. | डॉ. सुमंत कुमार मेहर, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग | सदस्य |

कुशाग्र राजेश

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 18. | डॉ. कमलेन्द्र अवस्थी, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 19. | डॉ. भगवती शर्मा, केंद्राध्यक्ष, पदार्थ अनुसंधान केंद्र | सदस्य |
| 20. | डॉ. कपिल पारीक, केंद्राध्यक्ष, ऊर्जा एवं पर्यावरण केंद्र | सदस्य |
| 21. | श्री दीपक माहेश्वरी, उप कुलसचिव, भंडार एवं क्रय केंद्र | सदस्य |
| 22. | श्री रमेश चंद मीना, सहायक कुलसचिव, प्रशासन एवं स्थापना – I अनुभाग | सदस्य |
| 23. | श्री सुधाकर मौर्य, सहायक कुलसचिव, प्रशासन एवं स्थापना – II अनुभाग | सदस्य |
| 24. | श्री मनीष यादव, सहायक कुलसचिव, अंकेक्षण अनुभाग | सदस्य |
| 25. | डॉ. वीरेंद्र सिंह, केंद्राध्यक्ष, खेल अनुभाग | सदस्य |
| 26. | डॉ. वरुण त्यागी, सहायक कुलसचिव, बैठक अनुभाग | सदस्य |
| 27. | डॉ. जगज्योति पंडा, सहायक प्रोफेसर, आपदा शमन एवं प्रबंधन केंद्र (नामांकित) | सदस्य |
| 28. | डॉ. आर्य प्रकाश पाढ़ी, सहायक प्रोफेसर, क्रत्रिम बुद्धिमत्ता और डाटा अभियांत्रिकी विभाग (नामांकित) | सदस्य |
| 29. | डॉ. राजेश गुप्ता, सह आचार्य, जनपद अभियांत्रिकी विभाग (नामांकित) | सदस्य |
| 30. | श्री पवन कुमार शर्मा, अधीक्षक, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |

निम्नलिखित सदस्य किन्हीं कारणों से उपस्थित नहीं रहे –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. डी. बूलचंदानी, अधिष्ठाता, अकादमिक | सदस्य |
| 2. | प्रो. दिलीप शर्मा, अधिष्ठाता, अधिष्ठाता अंतराष्ट्रीय एवं पूर्व छात्र मामले | सदस्य |
| 3. | प्रो. कनुप्रिया सचदेव, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण | सदस्य |
| 4. | प्रो. राजीव श्रृंगी, विभागाध्यक्ष, वास्तुकला एवं नियोजन विभाग | सदस्य |
| 5. | डॉ. मुश्ताक अहमद, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग | सदस्य |
| 6. | प्रो. निखिल गुप्ता, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग | सदस्य |
| 7. | श्री रवि राधाकिशन लखानी, सहायक कुलसचिव, लेखा अनुभाग | सदस्य |

माननीय अध्यक्ष कार्यान्वयन समिति की अनुमति से समिति सदस्य एवं समन्वयक, राजभाषा प्रकोष्ठ प्रो. राज कुमार व्यास ने सभी सदस्यों का स्वागत करने के उपरांत कार्यसूची के विभिन्न बिन्दुओं को चर्चा के लिए पटल पर रखा जिन पर समिति सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। बैठक की कार्यवाही एवं विस्तृत चर्चा के बाद समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं का विवरण निम्नलिखित है-

**बिन्दु संख्या 1. पिछली बैठक(28/01/2025)के पश्चात हुई राजभाषा संबंधी कार्यों की प्रगति।**

समन्वयक, राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा पिछली बैठक (28/01/2025) के पश्चात हुई निम्नलिखित राजभाषा संबंधी कार्यों की जानकारी प्रदान की गई -

Scanned with OKEN Scanner

- नराकास बैठक में सहभागिता 03/02/2026। (कुलसचिव व समन्वयक, राजभाषा द्वारा)
- नराकास की उप समिति की बैठक में सहभागिता 10/03/2026 । (राजभाषा अधिकारी द्वारा)
- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा संस्थान के विभिन्न विभागों/अनुभागों/कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग के संबंध में दौरा (23/02/2026 से 19/03/2026 तक) ।
- राजभाषा के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही रिपोर्ट समस्त विभागों एवं अनुभागों से माँगी गई 05/04/2026 ।

निदेशक महोदय एवं समिति के सभी सदस्यों द्वारा राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा एवं सराहना की गयी ।

**अनुवर्ती कार्रवाई- आवश्यक नहीं ।**

**बिन्दु संख्या 2. वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु राजभाषा प्रकोष्ठ के लिए बजट का आवंटन ।**

वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसको अध्यक्ष कार्यान्वयन समिति एवं सभी सदस्यों द्वारा स्वीकृत किया गया । स्वीकृत बजट विवरण निम्नलिखित है :

| क्रम संख्या | विवरण | संभावित व्यय * |
|---|---|---|
| 1. | संस्थागत कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, विभिन्न बैठकें एवं अन्य । | 1,50,000.00/- |
| 2. | हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रम (हिंदी पखवाड़ा, हिंदी सम्मेलन, हिंदी प्रतियोगिताएं, मुद्रित स्मारिका सामग्री एवं अन्य) । | 4,00,000.00/- |
| 3. | हिंदी जर्नल का प्रकाशन । | 2,00,000.00/- |
| 4. | विभिन्न सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन एवं संबंधित बाह्य कार्यक्रमों में भागीदारी हेतु व्यय । | 2,00,000.00/- |
| 5. | कार्यालय खर्च, आकस्मिक एवं अन्य विविध खर्च । | 1,00,000.00/- |
| | **योग** | **10,50,000.00/-** |

* आवश्यकता होने पर निधि को अंतर-मद पुनर्वितरण किया जा सकेगा ।

निदेशक महोदय द्वारा आवश्यकता होने पर अतिरिक्त बजट उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया गया ।

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा ।**

**बिन्दु संख्या 3. आगामी राजभाषा कार्यशाला के संबंध में जानकारी ।**

राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तिमाही में एक राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया जाता है । इसी क्रम में आगामी राजभाषा कार्यशाला के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि द्वितीय तिमाही की कार्यशाला का आयोजन अप्रैल-मई माह में प्रस्तावित है । जिसे सर्व समिति से स्वीकृत किया गया ।

Scanned with OKEN Scanner

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा।**

**बिन्दु संख्या 4. राजभाषा सलाहकार समिति में मनोनयन हेतु निम्नलिखित दो बाह्य राजभाषा विशेषज्ञ सदस्यों के नामों का प्रस्ताव।**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 28/01/2026 को आयोजित बैठक में कार्यसूची क्रमांक 3 के संदर्भ में राजभाषा सलाहकार समिति में मनोनयन हेतु निम्नलिखित दो बाह्य राजभाषा विशेषज्ञ सदस्यों के नामों का प्रस्ताव रखा गया एवं उक्त राजभाषा सलाहकार समिति से संबंधित गठन की रुपरेखा को प्रस्तुत किया गया -

1. डॉ. राजेश कुमार मीणा, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, गृह मंत्रालय, जयपुर केंद्र।
2. श्री वजीर सिंह, सहायक निदेशक (रा.भा.), कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II) राजस्थान, जनपथ, जयपुर।

राजभाषा सलाहकार समिति के इस प्रस्ताव को एवं गठन की रुपरेखा को समिति के सभी सदस्यों द्वारा समर्थन दिया गया एवं अध्यक्ष कार्यान्वयन समिति एवं समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। (गठन की रुपरेखा संलग्न : अनुलग्नक – "क")

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा।**

**बिन्दु संख्या 5. सभी अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों/केन्द्राध्यक्षों के साथ विचार मंथन सत्र के संबंध में चर्चा। (द्वितीय तिमाही के अप्रैल माह में प्रस्तावित)**

सभी अधिष्ठाताओं/ विभागाध्यक्षों / अनुभागाध्यक्षों/ केन्द्राध्यक्षों के साथ प्रस्तावित विचार-मंथन् सत्र के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं प्रस्तावित किया गया कि यह सत्र इस तिमाही में (अप्रैल-जून) माह में आयोजित किया जाना है। समिति के सभी सदस्यों द्वारा विचार मंथन सत्र के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा।**

**बिन्दु संख्या 6. राजभाषा संबंधित विभागीय कार्यों की समीक्षा।**

राजभाषा संबंधित विभागीय कार्यों के बारें में विस्तृत चर्चा की गई एवं बताया गया कि राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का पूर्णत: पालन किये जाने के लिए सुनिश्चित प्रयास किये जा रहे हैं, प्रत्येक तिमाही में कार्यशाला का आयोजन, प्रत्येक तिमाही में बैठकों का आयोजन, नराकास बैठकों में पूर्णतः सहभागिता, नराकास को समय से तिमाही व छमाही रिपोर्ट भेजना आदि कार्य समय से किये जा रहे हैं। समिति के सभी सदस्यों ने राजभाषा प्रकोष्ठ के कार्यों की सराहना की।

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा।**

**बिन्दु संख्या 7. राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा वर्षभर की गतिविधियों के कैलेंडर पर चर्चा।**

Scanned with OKEN Scanner

राजभाषा प्रकोष्ठ की वर्षभर की गतिविधियों के कैलेंडर को पटल पर रखा गया। जिसकी सभी सदस्यों ने प्रशंसा की एवं स्वीकृत किया गया। (अनुलग्नक – "ख")

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा।**

बैठक के दौरान माननीय अध्यक्ष कार्यान्वयन समिति द्वारा निम्नलिखित सुझाव/निर्देश भी दिए गए-

1. अध्यक्ष महोदय ने द्विभाषी विजिटिंग कार्ड/परिचय कार्ड एवं लैटर हेड/पत्र शीर्ष बनाने का निर्देश दिया एवं इस कार्य की जिम्मेदारी कुलसचिव महोदय एवं प्रोफेसर राजेंद्र कुमार गोयल को दी गयी। साथ ही निर्देशित किया की यह कार्य 4 सप्ताह में सम्पन्न करने के प्रयास किये जायें।
2. अध्यक्ष महोदय ने हिंदी कैलेंडर के निर्माण एवं वितरण का निर्देश दिया एवं इस कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी डॉ. ऋषि तिवारी, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं सह समन्वयक राजभाषा प्रकोष्ठ को दी।
3. अध्यक्ष महोदय द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें बुधवार को अपराह्न काल में आयोजित करवाने का सुझाव भी दिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| **कुशाग्र चतुर्वेदी** | **डॉ. ऋषि तिवारी** | **प्रो. राज कुमार व्यास** |
| **राजभाषा अधिकारी** | **सह समन्वयक, राजभाषा** | **समन्वयक, राजभाषा** |

| | |
|---|---|
| **कुलसचिव एवं सदस्य सचिव** | **अध्यक्ष** |
| **राजभाषा कार्यान्वयन समिति** | **राजभाषा कार्यान्वयन समिति** |
| **मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर** | **मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर** |

Scanned with OKEN Scanner

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
MALAVIYA NATIONAL INSTITUE OF TECHNOLOGY JAIPUR
राजभाषा प्रकोष्ठ /HINDI CELL

दिनांक: 08.04.2026
(अनुलग्नक – "क")

## राजभाषा सलाहकार समिति के गठन की रुपरेखा

1. **समिति का नाम:** "राजभाषा सलाहकार समिति"
2. **कार्यक्षेत्र:** यह मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु मार्गदर्शन एवं सलाह देने का कार्य करेगी।
3. **अवधि:** 1 वर्ष एवं आवश्यकतानुसार अन्य 1 वर्ष हेतु कार्यकाल बढ़ाया जा सकेगा।
4. **प्रस्तावित संरचना:**
   - संयोजक: समन्वयक, राजभाषा।
   - सह-संयोजक: सह समन्वयक, राजभाषा।
   - सदस्य सचिव: राजभाषा अधिकारी।
   - बाह्य राजभाषा विषय विशेषज्ञ: 2 सदस्य।
   - उपरोक्त के अतिरिक्त विशेष आमंत्रित सदस्यों को आवश्यकतानुसार शामिल किया जा सकता है।

* बाह्य राजभाषा विषय विशेषज्ञ के चयन हेतु मापदंड – राजभाषा के कार्यों में विशेषज्ञता एवं व्यापक अनुभव होना चाहिए।

5. **समिति के कार्य:** राजभाषा सलाहकार समिति का मुख्य उद्देश्य संस्थान में हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सलाह देना होगा। इसके प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं:-
   1) राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए सुझाव देना।
   2) हिंदी में पत्राचार, फाइल कार्य और रिपोर्ट तैयार करने को बढ़ावा देना।
   3) हिंदी के प्रयोग में आने वाली समस्याओं और बाधाओं पर विचार करके समाधान सुझाना।
   4) कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रशिक्षण और कार्यशालाओं की व्यवस्था के बारे में सुझाव देना।
   5) नराकास में सम्मिलित कार्यालयों में संस्थान को उच्च स्थान पर ले जाने हेतु सुझाव देना।
   6) राजभाषा के वर्षभर में क्रियाकलापों का कैलेंडर जारी करने में सहयोग प्रदान करना एवं उसके आधार पर हुए कार्यों की समीक्षा करना।
   7) संस्थान में राजभाषा नीति और नियमों के सही क्रियान्वयन की निगरानी करना।
   8) वर्ष पर्यन्त आयोजित की गई सभी गतिविधियों की समीक्षा एवं और अधिक बढ़ाने हेतु सुझाव देना।
   9) ऐसे सभी कार्य करना जो राजभाषा कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष द्वारा प्रदान किये जायें।
6. **बैठकें:** दो बैठकें प्रतिवर्ष या आवश्यकतानुसार।
7. **बाह्य राजभाषा विषय विशेषज्ञ हेतु मानदेय एवं यात्रा भत्ता:** संस्थान के नियमानुसार देय होगा।

****

कु 2/1/1

Scanned with OKEN Scanner

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
MALAVIYA NATIONAL INSTITUE OF TECHNOLOGY JAIPUR
राजभाषा प्रकोष्ठ /HINDI CELL

(अनुलग्नक – "ख")

# राजभाषा संबंधी प्रस्तावित वार्षिक गतिविधियाँ 2026 - 27

| | | |
|---|---|---|
| **(अप्रैल से जून 2026)** | | |
| **अप्रैल 2026** | | |
| **क्र.सं.** | **दिनांक** | **कार्यशाला/कार्यक्रम** |
| 1. | 06 अप्रैल 2026 (सोमवार) | संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक |
| 2. | 07 अप्रैल 2026 (मंगलवार) | नराकास एवं शिक्षा मंत्रालय को तिमाही रिपोर्ट का प्रेषण |
| 3. | 10 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) | हिंदी कार्यशाला का आयोजन |
| **मई 2026** | | |
| 1. | 07 मई 2026 (गुरुवार) | रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती के उपलक्ष में हिंदी कार्यक्रम |
| **(जुलाई से सितंबर 2026)** | | |
| **जुलाई 2026** | | |
| **क्र.सं.** | **दिनांक** | **कार्यशाला/कार्यक्रम** |
| 1. | 06 जुलाई 2026 (सोमवार) | नराकास एवं शिक्षा मंत्रालय को तिमाही रिपोर्ट का प्रेषण |
| 2. | 08 जुलाई 2026 (बुधवार) | संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक |
| 3. | 10 जुलाई 2026 (शुक्रवार) | हिंदी कार्यशाला का आयोजन |
| **अगस्त 2026** | | |
| 1. | 03अगस्त 2026 (सोमवार) | मैथिलीशरण गुप्त जयंती के उपलक्ष में हिंदी कार्यक्रम |
| **सितंबर 2026** | | |
| 1. | 14 सितंबर 2026 (सोमवार) | हिंदी पखवाड़ा प्रारंभ |
| 2. | 29 सितंबर 2026 (बुधवार) | हिंदी पखवाड़ा समापन कार्यक्रम |
| **(अक्टूबर से दिसम्बर 2026)** | | |
| **अक्टूबर 2026** | | |
| **क्र.सं.** | **दिनांक** | **कार्यशाला/कार्यक्रम** |
| 1. | 05 अक्टूबर 2026 (सोमवार) | नराकास एवं शिक्षा मंत्रालय को तिमाही रिपोर्ट का प्रेषण |
| 2. | 07 अक्टूबर 2026 (बुधवार) | संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक |
| 3. | 09 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) | हिंदी कार्यशाला का आयोजन |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| **नवम्बर 2026** | | |
| 1. | 02 नवंबर 2026 (सोमवार) | सरदार वल्लभभाई पटेल जंयती के उपलक्ष में हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी |
| **(जनवरी से मार्च 2027)** | | |
| **जनवरी 2027** | | |
| **क्र.सं.** | **दिनांक** | **कार्यशाला/कार्यक्रम** |
| 1. | 05 जनवरी 2027 (मंगलवार) | नराकास एवं शिक्षा मंत्रालय को तिमाही रिपोर्ट का प्रेषण |
| 2. | 12 जनवरी 2027 (मंगलवार) | हिंदी कार्यशाला का आयोजन |
| 3. | 13 जनवरी 2027 (बुधवार) | संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक |
| **फरवरी 2027** | | |
| 1. | 03 फरवरी 2027 (बुधवार) | सूरदास जंयती के उपलक्ष में हिंदी कार्यक्रम |
| **मार्च 2027** | | |
| 1. | 08 मार्च 2027 (सोमवार) | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में हिंदी कार्यक्रम |

Scanned with OKEN Scanner